Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Sharma Dr. Arvind

an>

Title: Need to shift toll tax plaza from National Highway No. 1 at Karnal, Haryana to any other Place. – Laid.

डॉ. अरविन्द शर्मा (करनाल) : महोदय, नेशनल हाइवे नं0 1 करनाल, हरियाणा पर केन्द्रीय योजना के तहत पिछले सरकार के समय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा टोल टैक्स प्लाजा स्थापित किया गया था। जब से यह स्थापित हुआ है तब से करनाल, इन्द्री, नीलोखेड़ी एवं तरावडी की आम जनता, गरीब किसान, खेतिहर मजदूर, व्यापारी शहरी व ग्रामीण नागरिकों को बहुत तकलीफ के साथ साथ आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। जिस स्थान पर यह टोल टैक्स प्लाजा स्थित है उस स्थान से वहां के गरीब किसान एवं मजदूर प्रतिदिन खेतों में ट्रैक्टरों आदि वाहनों के द्वारा आते जाते हैं और शहर के व्यापारी अपने व्यापार हेतु इस क्षेत्र में दैनिक कार्य के लिए भी इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं जिससे कि उन्हें प्रत्येक बार टोल टैक्स देना पड़ता है। यह आम जनता के ऊपर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

मैंने माननीय मंत्री श्री टी.आर. बालू जी से मिलकर प्रार्थना की कि इस टोल टैक्स बैरियर को करनाल से हटाकर समानाबाहू में स्थानांतरित किया जाये ताकि इस क्षेत्र की आम और गरीब जनता व शहरी क्षेत्र के लोगों को अनावश्यक आर्थिक बोझ न झेलना पड़े। माननीय मंत्री महोदय जी ने मुझे लिखित रूप में दिनांक 22 सितम्बर, 2004 को पत्र क्रमांक नं0 एनएचएआइ/13013/50/03.04/एमपी (26) के द्वारा इस टोल टैक्स को हटाने का आश्वासन दिय। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को बधायी देता हूं। लेकिन अभी तक इस बाबत कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। टोल टैक्स पूर्व की भांति वसूला जा रहा है, अभी हटाया नहीं गया है। साथ ही नयी कंसट्रक्शन भी जारी है।

मंत्री महोदय से पुन आग्रह है कि इस टोल टैक्स को करनाल से हटाकर समानाबाहू में तुरंत प्रभाव से स्थापित करें। क्योंकि लोगों की शिकायत अभी यथावत बनी हुयी है।